हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 40 .0 डिग्री
न्यूनतम 22 .0 डिग्री

तोल में अंतर मिलने के बाद धर्मकांटे के कर्मियों ने... 11



मेरा युवा भारत अभियान के उद्देश्य से अवगत... 11



## खबर संक्षेप

### फोरम आज सुनेगी बिजली की शिकायतें

**सफीदों।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम सफीदों के एक्सईएन हेमंत शर्मा ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए शिकायत निवारण फोरम का गठन किया है। उपभोक्ता जिनके 50 हजार तक के बिल गलत हैं, एचटी व एलटी लाइनों व नए कनेक्शनों के बारे में दिक्कत है तो डिवीजन फोरम में रखकर समाधान करवा सकता है।

### गुरुद्वारे से हजारों रुपये की नकदी चुराई, केस

**कैथल।** चीका पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। थेहबनेड़ा के गुरुद्वारा के प्रधान तरसेम सिंह ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 अप्रैल को चोर गांव थेहबनेडा के गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर का ताला तोड़ते रखी 70 हजार की राशि चुरा कर ले गए। मामले के जांच अधिकारी एसआई नवीन कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**जींद।** नरवाना में फैक्टरी से बाहर बुला मिस्त्री की सरिया मार कर हत्या करने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने एक व्यक्ति को नामजद कर पांच-छह अन्य के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
धर्म सिंह कालोनी निवासी रानी ने पुलिस को शिकायत दी है।

### गेहूं के कट्टे चोरी करने के तीन आरोपी पकड़े

**कैथल।** क्योड़क मंडी से गेहूं के 47 कट्टे चोरी करने के मामले की जांच चौकी क्योड़क पुलिस के एएसआई बलजीत सिंह की टीम द्वारा करते सीवन निवासी 15 वर्षीय किशोर को निरुद्ध के अतिरिक्त आरोपी गांव गढ़ी निवासी वकील व जखोली अड्डा कैथल निवासी अमन को गिरफ्तार कर लिया ।

### घर से नकदी-जेवर चोरी का मामला दर्ज

**जींद।** श्याम नगर में बीती रात चोरों ने मकान से 40 हजार रुपये की नकदी तथा जेवरों को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। श्याम नगर निवासी सुमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रात को अपने कमरे में सोई हुई थी। अलसुबह उसे मकान का मुख्य दरवाजा खुला दिखाई दिया।

### कैंटर में पशुओं का लदान कर ले जा रहे आरोपी काबू

**कैथल।** कैंटर में पशुओं को ठूंस ठूंस कर क्रूरता पूर्वक लदान कर ले जा रहे 4 आरोपी पूंडरी पुलिस ने गिरफ्तार किए है। एसआई महिपाल की टीम गश्त दौरान करनाल रोड़ पूंडरी पर मौजूद थी। पुलिस को गुप्त जानकारी मिली की कैथल की तरफ से लापरवाही से चलाते हुए एक कैंटर आ रहा है, जिसमें ठुंस ठुंस कर पशु भरे हुए है। पुलिस टीम द्वारा गांव मोहना के पास नाकाबंदी करके कुछ समय बाद आए कैंटर को इशारा कर रुकवाया गया।

### सुने घर से नकदी व जेवर ले उड़े चोर

**जींद।** विश्वकर्मा कालोनी में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोने, चांदी के जेवरात, नगदी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विश्वकर्मा कालोनी निवासी लछमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह इलाज कराने के लिए परिवार समेत लुधियाना चला गया था।

### लाखों रुपये ठगी मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** ठगी करने वाले आरोपी के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा एसपी राजेश कालिया के निर्देशानुसार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। युवक को जर्मनी भेजने के नाम पर 15 लाख ठगी के मामले की जांच एएसआई रामपाल सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी गांव भाणा निवासी रजत को काबू कर लिया।

## स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी को लेकर जगी उम्मीद पर लगा ग्रहण

# नागरिक अस्पताल में 37 चिकित्सकों में से केवल 16 ने ही किया ज्वाइन

### विशेषज्ञ चिकित्सकों की अस्पताल को सबसे ज्यादा जरूरत

अस्पताल में पहले से कार्यरत दो चिकित्सक भी अस्पताल को कह गए बाय-बाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उम्मीद थी कि चिकित्सकों की नई भर्ती से जींद जिला की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होगा लेकिन ऐसा संभव नही हो पाया। नई भर्ती से जींद को कुल 37 चिकित्सक मिले लेकिन अबतक केवल 16 चिकित्सकों ने ही ज्वायन किया। इनमें से भी एक चिकित्सक ने अस्पताल को बाय-बाय कहा। वहीं अस्पताल में पहले से कार्यरत दो अन्य चिकित्सक भी अस्पताल को बाय-बाय कह गए।

एक बार फिर से स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जींद तरस रहा है और नए स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की बाट जोह रहा है। हालांकि अब जो भी चिकित्सक ज्वायनिंग के लिए आएगा, उन्हें डीजी हैल्थ से लिखवा कर लाना होगा। 37 में से आए केवल 16, दो गए अस्पताल को छोड़: नागरिक असपताल को चिकित्सकों की नई भर्ती से 37 चिकित्सक मिले थे। एक-एक कर 16 चिकित्सकों ने अस्पताल को ज्वायन किया। जिन्हें सीनियर चिकित्सकों के साथ अस्पताल की व्यवस्थाओं को समझाने में लगाया गया है। इनमें से भी एक चिकित्सक ज्वायन करने के बाद छोड़ भी गया। वहीं अस्पताल में पहले से ही कार्यरत हड्डी रोग विशेषज्ञ व डा. अजय अग्रवाल जींद अस्पताल को बाय-बाय कह गए हैं। इस समय अस्पताल को कुल 55 चिकित्सकों की जरूरत है जबकि 24 चिकित्सक ही कार्यरत हैं। इसमें 16 एमओ, तीन डेंटल, चार एसएमओ व एक डिप्टी एसएमओ शामिल हैं। वरिष्ठ चिकित्सकों पर प्रशासनिक जिम्मेदारियां भी हैं।

इसके अलावा कभी वीआईपी ड्यूटी तो कहीं कोई स्वास्थ्य कैंप तो कभी दिव्यांग कैंप के लिए चिकित्सकों को जाना पड़ता है। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को परेशानी होती है। मरीजों व उनके तिमारदारों को पता ही नही चल पाता है कि अस्पताल में उनके उपचार से संबंधित चिकित्सक है या नही। ऐसे में स्वत: अंदाजा लगाया जा सकता है कि मरीजों को उपचार की सुविधा कैसे उपलब्ध होगी।



जींद। अस्पताल में ओपीडी स्लिप के लिए लगी लाइन। फोटो :हरिभूमि

#### बेहतरीन सुविधाएं दे रहे : डा. भोला

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि 37 चिकित्सक जींद अस्पताल को मिले थे लेकिन 16 चिकित्सकों ने ही ज्वायन किया। अब जो भी चिकित्सक ज्वायनिंग के लिए आएगा, उसे डीजी हैल्थ के निर्देश पर ही ज्वायन किया जाएगा। विशेषज्ञों व चिकित्सकों की कमी के बावजूद भी जितनी सुविधाएं उपलब्ध हैं, उनके माध्यम से चिकित्सकों द्वारा अस्पताल में उपचार की बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास किया जाता है। दो चिकित्सकों अस्पताल से रिलीव हो गए हैं।

#### प्रतिदिन 1800 से 2000 ओपीडी

जिला मुख्यालय पर 200 बैड का अस्पताल बना हुआ है। अस्पताल में ओपीडी की बात की जाए तो प्रतिदिन 1800 तक की ओपीडी होती है। सोमवार व मंगलवार को ओपीडी की संख्या दो हजार तक पहुंच जाती है। ऐसे में सुबह होते ही चिकित्सकों के कमरे के आगे मरीजों की लाइन लग जाती है। रोजाना सैंकड़ों मरीज इलाज के लिए दूर-दूर के गांवों से सिविल अस्पताल पहुंचते हैं लेकिन डॉक्टरों की कमी से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

#### 16 साल से रेडियोलॉजिस्ट नही

नागरिक अस्पताल में पिछले 16 साल से किसी भी रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति नही हुई है। बिना रेडियोलॉजिस्ट के कारण जिले के लोगों को निजी अस्पतालों में महंगी फीस पर अल्ट्रासाउंड करवाने पड़ रहे हैं। ऐसे में विशेषज्ञ चिकित्सकों की यहां बहुत जरूरत है।



जींद। स्टोर की गई पराली में लगी आग। फोटो :हरिभूमि

## खेतों में लगी आग से दस एकड़ में खड़ी फसल जली

- अहिरका में स्टोर की पराली में लगी आग, फायर ब्रिगेड गाड़ी ने पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला में अलग-अलग स्थानों पर खेतों में लगी आग से दस एकड़ खड़ी फसल में आग लग गई जबकि अहिरका में स्टोर की गई पराली में आग लग गई। आग लने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाडि़यां मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। रोहतक रोड पर गुरुद्वारा साहिब के खेतों में रात को एक बजे सफेदे का पेड़ बिजली की तार पर गिर गया और इससे उठी चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड तथा गुरूद्वारा सेवादार मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक गुरूद्वारा जमीन में एक एकड़ में फसल तथा आठ एकड़ में फाने जल कर राख हो गए। गुरूद्वारा गुरूतेग बहादुर साहिब के सेवादार गुरविंद्र सिंह चौगामा ने बताया कि बीती रात चली तेज आंधी के कारण सफेदे का पेड़ बिजली लाइन पर आ गिरा। जिससे शॉर्ट सर्किट हो गया और चिंगारी गेहूं फसल पर जा गिरी। जिससे देखते ही देखते आग फैल गई। आग की सूचना मिलने पर गुरूद्वारा सेवादार मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। ट्रैक्टरों पर पानी के पंप लगा कर पानी की बौछारें की गई। फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी को बुलाया गया। करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया गया। आग से एक एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल और आठ एकड़ में गेहूं के फाने जलकर राख हो गए। गांव दालमवाला से शाहपुर रोड की तरफ श्रीरागखेड़ा के खेतों में रात को बिजली की तारों से उठी चिंगारी से आग लग गई। किसानों ने फायर डायल 112 को फोन किया लेकिन काफी देर तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंची।

## पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जगह- जगह दे रही दबिश

- दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस ने मां-बेटे के शव का करवाया पोस्टमॉर्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ढांड खंड के बरोट गांव में हुए दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस ने वीरवार को मृतक मां-बेटे के शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया। बता दें कि बुधवार देर शाम तक मृतकों के परिजन अस्पताल नहीं पहुंच पाए थे, जिस कारण पुलिस ने उनका पोस्टमॉर्टम नहीं हो पाया था। पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।वहीं, अभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई जगहों पर दबिश दे रही है, लेकिन एक दिन बाद भी उसकी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। गौरतलब है कि बुधवार को घरेलू कलह के चलते आरोपी युवक अजय ने अपनी पत्नी सुदेश की ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी थी। इसके बाद उसने अपने आठ माह के बच्चे सिमरत का भी गला घोंट दिया, जिससे बच्चे की भी अस्पताल में मौत हो गई।

#### तलाश जारी

ढांड थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि आरोपी अजय मजदूरी करता है। उसने घरेलू कलह के कारण हत्या की है। आरोपी पति अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। इस मामले में परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं। शवों का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

## पनप रही अवैध कॉलोनी में चला पीला पंजा

### आमजन को आगाह किया कि अनाधिकृत कालोनियों में प्लाट न खरीदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने बताया कि शहरी क्षेत्र पूण्डरी की राजस्व सम्पदा फतेहपुर में पांच एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड की कार्यवाही गई। कालोनी की सड़क नेटवर्क को जेसीबी की मदद से हटाया गया। इस कार्रवाई के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट बतौर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट मौके पर तैनात रहे।

उन्होंने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में शहरी क्षेत्र पूण्डरी की राजस्व सम्पदा फतेहपुर में अवैध कालोनी पनपने का मामला आया है, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके कालोनी विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने बारे आदेश दिए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा ना तो मौके पर बनाए जा रही अवैध कालोनी को रोका गया और ना ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया। जिसके बाद तोड़ फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार ने आमजन से आगाह किया गया कि वे अनाधिकृत कालोनियों में प्लाट न खरीदें। इस अवसर पर इन्फोर्समेंट पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



कैथल। फतेहपूर में अवैध कालोनियों को हटाती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

## संदिग्ध हालात में जहर से महिला की मौत, सात के खिलाफ केस

- 15 दिन पूर्व हुई थी महिला के पति की मौत, टॉर्चर करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव लुदाना में संदिग्ध हालात में जहर से हुई महिला की मौत के मामले में पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने जेठ समेत सात लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव लुदाना निवासी सुरेंद्र की पत्नी पूजा (30) को संदिग्ध हालात के चलते जहर के प्रभाव से शहर के निजी अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान पूजा की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस तथा मृतका का मायका पक्ष मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। मृतका के भाई गांव मदीना निवासी विरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की उसकी बहन पूजा की वर्ष 2015 मे गांव लुदाना निवासी सुरेंद्र के साथ हुई थी। गत 26 मार्च रात को उसके जीजा सुरेंद्र की करेंट लगने से मौत हो गई थी। जिसके बाद से ससुरालीजन पूजा को सुरेंद्र की मौत का जिम्मेवार ठहरा कर टॉर्चर कर रहे थे। सुरेंद्र की तेरहवीं पर भी उसने साथ हाथापाई की गई। गत 16 अप्रैल को वह अपने घर चला गया।

### शार्ट सर्किट से आधा एकड़ गेहूं के फाने जले

**कलायत।** कलायत के गांव कैलरम स्थित बिजली स्टेशन के पास अचानक आग धधकने से कोहराम मच गया। स्थिति उस समय गंभीर हो गई जब किसान राजकुमार के करीब आधा एकड़ में गेहूं के फाने जल गए और आग की लपटों ने गेहूं खरीद केंद्र का रुख कर लिया। इस गंभीर स्थिति को देखते खेतों में काम कर रहे किसानों और स्थानीय लोगों ने मुस्तैदी का परिचय दिया। बचाव अभियान चलाते आग को खरीद केंद्र की तरफ बढ़ने से रोका । सलिंदर, बलिंद्र, महेंद्र, राकेश व अन्य किसानों ने बताया कि गेहूं खरीद केंद्र के नजदीक अचानक तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ। चिंगारी से गेहूं के फानों में आग भडक उठी। फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। इस बीच किसान व मजदूरों ने अपने स्तर भी बचाव कार्य शुरू किया। आखिरकार संयुक्त प्रयासों से स्थिति पर काबू पा लिया।

## सीएम फ्लाइंग ने गेहूं की बोरियां जांची

- नई अनाज मंडी में आधा दर्जन स्थानों पर दस्तक देकर किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग ने वीरवार दोपहर बाद नई अनाज मंडी मे दस्तक दी और गेहूं तोल के इलैक्ट्रिक कांटों तथा गेहूं से भरी बोरियों का वजन किया। औचक निरीक्षण के दौरान कांटे सही तथा बोरियों का वजन सही पाया गया। सीएम फ्लाइंग ने निरीक्षण की रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी है। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि अनाज मंडी मे फसल का वजन मे प्रयोग किए जा रहे इलैक्ट्रिक कांटों में खामी तथा बोरियां के वजन में गड़बड़ की संभावना है। जिसके आधार सीएम फ्लाइंग के उप निरीक्षक बिजेंद्र सिंह, पवन कुमार, भगवान सिंह की संयुक्त टीम गठित की गई। जिसमें मंडी सुपरवाइजर प्रवीण, ऑक्शन रिकोर्डर सुरेंद्र तथा राजकुमार को शामिल किया गया। जिसके साथ टीम ने मंडी में आधा दर्जन स्थानों पर दस्तक दी और इलैक्ट्रिक कांटो को जांच साथ ही टीम ने भरी गई गेहूं की बोरियों का वजन भी किया। निरीक्षण के दौरान कांटे सही पाए गए और बोरियों में वजन भी सही मिला। मंडी के किए गए औचक निरीक्षण की रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दी।



जींद। जांच करते सीएम फ्लाइंग टीम। फोटो :हरिभूमि

### सस्पेंशन के विरोध में बिजली कर्मियों का धरना

**सफीदों।** बिजली विभाग के चार कर्मचारियों के सस्पेंशन के विरोध में ज्वाईट एक्शन कमेटी के तत्वावधान में बिजली कर्मचारियों का धरना वीरवार को भी जारी रहा। धरने पर कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि निगम मैनेजमेंट द्वारा गलत तरीके से जेई सुनील व सुभाष, एएफएम दर्शन लाल व एएफम रतनलाल सस्पेंड कर दिया गया। जिसके विरोध में चारों यूनियन के पदाधिकारियों ने फैसला लिया है कि ज्वाइंट एक्शन कमेटी के तहत सब अर्बन सबडिवीजन सफीदों के प्रांगण में धरना निंरतर चलाया जाएगा। कर्मचारियों के सस्पेंशन का यूनियन डटकर विरोध करेगी। उन्होंने निगम मैनेजमेंट व प्रशासन से मांग की कि सभी कर्मचारियों को जल्द से जल्द बहाल किया जाए, अन्यथा ज्वाईट एक्शन कमेटी कड़ी कार्रवाई करने पर मजबूर होगी।

### बिजली निगम ने बनाया एस्टीमेट, लोगों को मिलेगी राहत

## डाहौला में तालाब से जल्द हटेगें बिजली के तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

खबर का असर

नगूरां बिजली निगम ने डाहौला गांव में तीर्थ वाला तालाब के ऊपर से बिजली की हाई वोल्टेज की तारें गुजरने के मामले में संज्ञान लेते हुए एस्टीमेट बनाकर विभाग को भेज दिया है। बिजली निगम नगूरां के एसडीओ आन्नद कुमार ने बताया कि डाहौला गांव में तालाब के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारो के मामले की गंभीरता को देखते हुए तारो का एस्टीमेट बना कर विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दिया है। जल्द ही डाहौला गांव के तालाब के ऊपर से बिजली के तारो को हटाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। डाहौला गांव के पवन कुमार, जिले सिंह, जितेंद्र, सुभाष आदि ने बताया था कि गांव के तीर्थ वाले तालाब के ऊपर से काफी समय से बिजली की तारे गुजर रही है। इसके लिए अनेक बार निगम के कर्मचारियों को सूचित किया, लेकिन निगम के कर्मचारी मामले को लेकर किसी प्रकार का संज्ञान नहीं ले रहे हैं। गांव के लोगों का कहना है कि इस तालाब में हरदम पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। जिसके कारण कभी भी बिजली के तार टूटकर किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकते हैं। यही नहीं बरसात के मौसम में तो इस बिजली के तार कभी पशुओं तथा आमजन के लिए काल का ग्रास बन सकते हैं। इस तालाब की गांव के बड़े तालाबों में गिनती होने के कारण हर रोज हजारों की संख्या में पशु इस तालाब में पानी पीते हैं। जिसके कारण निगम प्रशासन की लापरवही के चलते तालाब के ऊपर से गुजर रही तार हादसों को दावत दे रही है। गांव के लोगों का कहना है कि अगर संयोगवश बिजली का तार टूट कर इस तालाब में गिर गया तो फिर किसी बड़ी घटना से इंकार नही किया जा सकता है।



#### जल्द काम प्रारंभ होगा

लोगों ने बिजली निगम के उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया। जिससे बिजली निगम नगूरां के एसडीओ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर जेई को भेजकर तारो का एस्टीमेट बनवाकर विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दिया है। जल्द ही तालाब के ऊपर से बिजली के तार हटाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

## यूएसए भेजने का झांसा देकर हड़पे पंद्रह लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

यूएसए भेजने का झांसा देकर 15 लाख रुपये हडपने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बहादुरपुर निवासी मदन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी तीरी नगर रामपुरा दिल्ली निवासी राजेंद्र से दिल्ली में निरंकारी सत्संग में मुलाकात हुई थी। बातचीत में उसके बेटे विनोद के विदेश जाने को लेकर राजेंद्र से चर्चा हो गई। जिस पर राजेंद्र ने बताया कि उसका जानकार सुखविंद्र यूएसए में रह रहा है। कई युवकों को विदेश भेज चुका है। साथ खर्च के बारे में बताया। जसविंद्र का नंबर मिलने के बाद उसके बेटे की उससे बात होने लगी। उसने अपने बेटे के पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज राजेंद्र को दे दिए गए। जिसके बाद राजेंद्र के कहे अनुसार उसका बेटा विनोद उसके अकाउंट में रुपये भेजता रहा। आरोपितों की तरफ कुल राशि 15 लाख रुपये जा चुकी थी। बावजूद इसके उसके बेटे का यूएसए नही भेजा गया।

बच्चो, क्या तुम जानते हो हम सब जिस पृथ्वी पर रहते हैं, वो कितनी विविधताओं से भरी हुई है? इसकी विविधताएं ही इसे सौर मंडल का सबसे अनूठा ग्रह बनाती है। लेकिन हम इंसानों की लापरवाही से इस पर कई तरह के संकट बढ़ रहे हैं, इसका स्वरूप बिगड़ रहा है। हमारी धरती हमेशा हरी-भरी रहे, इसके लिए हमें जागरूक होना होगा।

# हमेशा हरी-भरी रहे हमारी पृथ्वी



जागरूकता

देवेंद्र मेवाड़ी







बच्चो, पृथ्वी के बारे में हम तुम्हें कुछ रोचक बातें बताएं, इससे पहले आओ, जरा आसमान से अपनी प्यारी पृथ्वी पर नजर डालते हैं। देखें तो सही वहां से यह कैसी दिखती है? ओह, दूर अंधेरे में कितनी सुंदर लगती है हमारी प्यारी पृथ्वी! चमकीला नीला गोला, उस पर फैले घुंघराले श्वेत बादल, नीचे भूरे, हरे, हल्के पीले महाद्वीप, बर्फ से ढंके उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव। नील मणि-सी चमकती मां पृथ्वी का यह नीला रंग इसके विशाल नीले महासागरों के कारण दिखाई देता है।

## विविधताओं से भरी

हमारे प्राचीन ग्रंथों में पृथ्वी को मां कहा गया है। सूर्य से दूरी के हिसाब से यह सौर मंडल का तीसरा ग्रह है। यह एक मात्र ऐसा ग्रह है, जिस पर जीवन है। हमारी पृथ्वी अपने आप में बहुत-सी विविधताओं को समेटे हुए है। इसमें कहीं ऊंची पर्वतमालाएं हैं तो कहीं दूर-दूर तक फैले मैदान, कहीं गहरी घाटियां हैं तो कहीं विशाल रेगिस्तान। कहीं हरे-भरे जंगल, तो कहीं विशाल दलदल। कहीं सदानीरा नदियां बहती हैं तो कहीं ऊंचे पहाड़ों से छल-छल झरने गिरते हैं। कहीं भीषण गर्मी पड़ती है तो कहीं कड़ाके की सर्दी। कहीं घनघोर वर्षा होती है तो कहीं बारिश का नामो-निशान नहीं होता।

## इसलिए मौसम में होती है भिन्नता

हमारी पृथ्वी अपने अक्ष पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। साथ ही यह लगातार घूमती रहती है। जब यह अपनी धुरी पर घूमती है तो घूमते हुए लट्टू की तरह अंडाकार कक्षा में सूर्य की परिक्रमा भी करती है। इस सब का नतीजा यह होता है कि पृथ्वी के हर हिस्से पर साल भर सूर्य की रोशनी एक समान नहीं पड़ती। इसीलिए पृथ्वी की भूमध्य रेखा के आस-पास के हिस्सों में मौसम बेहद गर्म होता है। ज्यों-ज्यों हम उत्तर या दक्षिण की ओर बढ़ते हैं तो तपन कम होने लगती है और मौसम ठंडा लगने लगता है। और ध्रुवों पर तापमान न्यूनतम हो जाता है। ये हमारी पृथ्वी की जलवायु के विविध रंग हैं।



## बिगड़ रहा है ऋतु चक्र

आज से कुछ दशक पहले तक अपने सही समय पर ऋतुएं बदलती थीं। समय पर वसंत आता था। मई-जून में गर्मी पड़ती थी, फिर वर्षा ऋतु आती थी। उसके बाद हेमंत ऋतु और फिर शीत ऋतु की ठिठुरन शुरू हो जाती थी। ऋतुओं के हिसाब से किसान खेती करते थे, बोआई और कटाई के उत्सव मनाते थे। पशु-पक्षी भी ऋतुओं के हिसाब से अपनी लंबी प्रवास यात्राएं करते थे या ठंडे प्रदेशों में गुफाओं, कोटरों और बिलों में सो जाते थे। नन्ही तितलियां वसंत के इंतजार में प्यूपा बन कर किसी टहनी, चट्टान या दीवार से लटक जाती थीं कि वसंत आएगा और वे पंख फड़फड़ा कर मधु और पराग चूसने के लिए फूलों के पास पहुंच जाएंगी। नदियां कल-कल बहा करती थीं, हरे-भरे जंगल ठंडी बयार बहाकर हमारी सांसों के लिए भरपूर मात्रा में प्राणवायु ऑक्सीजन दिया करते थे। जलवायु के साथ हर जीवधारी का संबंध हुआ करता था। लेकिन अब यह संबंध भी गड़बड़ा गया है। वसंत समय पर नहीं आता तो फूल भी समय पर नहीं खिलते। बेमौसम और असमान रूप से बरसात होती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी की जलवायु में परिवर्तन होने से मौसम में ये परिवर्तन हो रहे हैं। हम इंसानों की लापरवाही से ही पृथ्वी का प्राकृतिक स्वरूप और इसकी जलवायु बिगड़ रही है।



## हम निभाएं अपनी जिम्मेदारी



पृथ्वी को इन तमाम संकटों से बचाने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। बच्चो, इसमें सबसे बड़ी भूमिका तुम्हारी होगी। तुम ही देश, दुनिया के भविष्य हो। तुम्हें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, इस प्यारी पृथ्वी पर हरियाली बढ़ानी होगी। जल, थल और वायुमंडल को साफ रखना होगा। तभी यह प्यारी-निराली पृथ्वी रहने लायक रहेगी। *

## चिंताजनक है ग्लोबल वार्मिंग



**प्रकृति में** आए परिवर्तन की वजह यह है कि विकास की एक ऐसी अंधी दौड़ शुरू हो गई है कि हर कहीं पेड़ों के जंगल के बजाय कंकरीट के जंगल (ढेरों मकान, भवन और ऊंची इमारतें) खड़े होने लगे हैं। हरे-भरे जंगल कटने लगे हैं और शहर फैलने लगे हैं। हम लोग यह भूल गए कि पेड़-पौधों और हरे-भरे जंगलों से ही हमें सांसें मिलती हैं। हम उनकी बनाई प्राणवायु ऑक्सीजन में ही सांस लेकर जीवित रहते हैं। इसीलिए प्रकृति ने हमारे लिए हवा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों की ठीक उतनी ही मात्रा रखी थी, जितनी हमारे सांस लेने के लिए जरूरी थी। लेकिन हरे-भरे जंगल कटने, शहरों के फैलने, सड़कों पर लाखों गाड़ियों के पेट्रोल से उत्पन्न होने वाले धुएं से हर साल लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में पहुंचने लगी। इससे वायुमंडल में प्रकृति द्वारा तय किया गया गैसों का अनुपात गड़बड़ा गया। परिणाम यह हुआ कि पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिक इसे वैश्विक तपन या ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। इस तपन के कारण ध्रुवों की बर्फ पिघल रही है और ग्लेशियर भी पिघल कर सिकुड़ते जा रहे हैं। तापमान इसी तरह बढ़ता गया तो सागरों में पानी का स्तर बढ़ने से सागरतटों पर बसे शहरों के डूबने का खतरा पैदा हो जाएगा। पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग का संकट बढ़ता जा रहा है। इसे रोकना होगा।

यह भी जानो / शिखर चंद जैन

# बहुत अनूठी हैं पृथ्वी की विशेषताएं



बच्चो, पृथ्वी (अर्थ) हमारे सौर मंडल का एकमात्र ग्रह है, जिस पर जीवन है। मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जंतु सभी इस पृथ्वी पर रहते हैं। हमारी पृथ्वी के अलावा बाकी कुछ ग्रहों पर जीवन होने की संभावनाएं तो जताई गई हैं, लेकिन अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। इस लिहाज से पृथ्वी सौर मंडल के अन्य ग्रहों से अलग-अनूठी है।

**कितनी पुरानी है पृथ्वी:** विभिन्न वैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि पृथ्वी लगभग 4.5 अरब साल पुरानी है। नेशनल सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन के वैज्ञानिकों ने चट्टानों और उल्कापिंडों की कार्बन-डेटिंग (प्राचीन वस्तुओं की उम्र पता लगाने की वैज्ञानिक विधि) करके इस अनुमानित आयु का पता लगाया है। हजारों साल तक मनुष्य यह मानता रहा कि पृथ्वी, ब्रह्मांड का केंद्र है। बाद में पता चला कि सूर्य, हमारे सौर मंडल के केंद्र में है और पृथ्वी समेत अन्य ग्रह उसके चारों ओर चक्कर लगाते हैं।




**पांचवां सबसे बड़ा ग्रह:** पृथ्वी की भूमध्यरेखीय त्रिज्या (इक्वेटोरियल रेडियस) लगभग 6,378 किलोमीटर और व्यास (डायमीटर) लगभग 12,756 किलोमीटर है, जबकि इसकी ध्रुवीय त्रिज्या (पोलर रेडियस) लगभग 6,357 किमी और व्यास लगभग 12,714 किमी है। पृथ्वी हमारे सौर मंडल का पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।

**पृथ्वी की परतें:** परतों (लेयर्स) की बात करें, तो हमारी पृथ्वी को मुख्य रूप से तीन परतों में बांटा गया है- कोर, मेंटल और क्रस्ट। कोर पृथ्वी का सबसे आंतरिक भाग होता है। पृथ्वी के मध्य भाग को मेंटल कहते हैं, जबकि पृथ्वी के सबसे ऊपरी परत को क्रस्ट कहते हैं। क्रस्ट ही वह हिस्सा है, जिस पर मानव जीवन का अस्तित्व है।

**लगातार गतिशील है पृथ्वी:** बच्चो, हमारी पृथ्वी दो तरीके से गति करती है-घूर्णन (रोटेशन) और परिक्रमण (रिवॉल्यूशन)।

पृथ्वी अपने अक्ष (धुरी) पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी को अपना एक घूर्णन पूरा करने में लगभग 24 घंटे का समय लगता है। अपने अक्ष पर लगातार घूमते रहने के कारण ही पृथ्वी पर दिन और रात होते हैं। पृथ्वी अपनी धुरी पर लगभग 1667 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से घूमती है। घूर्णन के अलावा हमारी पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक दीर्घ वृत्ताकर (एलिप्टिकल) कक्षा में चक्कर भी लगाती है, जिसे परिक्रमण कहा जाता है। यह सूर्य के चारों ओर लगभग 1,07,226 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चक्कर लगाती है। सूर्य का एक चक्कर लगाने में पृथ्वी को 365.25 दिन का समय लगता है। परिक्रमण गति के कारण ही हमारी पृथ्वी पर ऋतु/मौसम परिवर्तन होता है।

**पानी का भंडार:** पृथ्वी पर जल का अथाह भंडार है। इसकी सतह का 71 प्रतिशत हिस्सा तो पानी से ही ढंका है। सिर्फ 29 प्रतिशत हिस्सा ही भूमि है। इस पानी में से केवल 3 प्रतिशत पानी ही मीठा/ताजा यानी अलवणीय और पीने योग्य है। बाकी 97 प्रतिशत पानी खारा है। पृथ्वी का लगभग 90 प्रतिशत ताजा पानी अंटार्कटिका की ध्रुवीय बर्फ के रूप में जमा हुआ है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्यारी-मनोरंजक कहानियां




बच्चो, बांग्ला भाषा की प्रसिद्ध लेखिका जया मित्र की बाल-कहानियों की किताब 'चार-पांच दोस्त' का हिंदी अनुवाद हाल में ही प्रकाशित होकर आया है। इसका अनुवाद किया है कल्लोल चक्रवर्ती ने। इसमें कुल चौदह कहानियां और एक नाटक संकलित है। इन कहानियों में बाग-बगीचे, फूलों वाले पेड़, नदी, पहाड़, जंगल, बारिश, चिड़िया, तितली आदि मौजूद हैं। इनके साथ नन्हे बच्चों की खिलंदड़ी हरकतें मन को लुभाती हैं। हम सभी के जीवन में प्रकृति की कितनी महत्ता है, इसे बड़े सरल ढंग से ये कहानियां बताती हैं। 'चार-पांच दोस्त', दो चिड़िया चड़ुआ-बड़ुआ, दो नन्ही बच्चियों रिया-पियाल और एक छोटे लड़के गौतम की प्यारी-सी कहानी है। 'उस बार पहाड़ में' और 'तितलियों का गांव' समेत सभी कहानियां तुम्हें अच्छी लगेंगी। *

**किताब:** चार-पांच दोस्त, **लेखिका:** जया मित्र, **अनुवाद:** कल्लोल चक्रवर्ती, **मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले




**चिंटू** : अगर मिस्टर बीन सो जाए, तो हम उन्हें क्या कहेंगे?
**मिंटू** : पता नहीं। तुम्हीं बता दो, क्या कहेंगे?
**चिंटू** : सोयाबीन।
-रमन, रायपुर

**पापा** : आज मैथ्स टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू** : मोनू से बीस नंबर कम।
**पापा** : अच्छा! मोनू के कितने नंबर आए हैं?
**सोनू** : बीस नंबर।
-अमन, बिलासपुर

**कंप्यूटर टीचर** : कंप्यूटर चलाने के लिए तुम्हें सबसे पहले ढंग से माउस पकड़ना आना चाहिए।
**रोहित** : लेकिन सर, माउस को तो बिल्लियां पकड़ती हैं।
-दीक्षा, रोहतक

## जीके क्विज-150

1. पहला 'पृथ्वी दिवस' किस वर्ष मनाया गया था?
2. 'पृथ्वी दिवस' मनाने की शुरुआत का श्रेय किसे जाता है?
3. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी ने आइपीएल क्रिकेट में एक हजार बाउंड्रीज (चौके और छक्के) लगाने का रिकॉर्ड बनाया?
4. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को किस देश में 'सिटी की ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया?
5. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
6. दुनिया में सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान कौन-सा है?
7. किस भारतीय शहर को 'द सिटी ऑफ पैलेस' कहा जाता है?
8. लोकनायक के नाम से किन्हें जाना जाता है?
9. भारतीय राष्ट्रीय कैलेंडर का पहला माह कौन सा है?
10. केरल की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-150 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-149 का उत्तर :** 1.बिहार, 2.राजनाथ सिंह, 3.चंडीगढ़, 4.पोरबंदर (गुजरात), 5.प्रशांत महासागर, 6.कोलकाता में, 7.वेटिकन सिटी, 8.अकबर, 9.के-2, 10.हरिवंश राय बच्चन

**जीके क्विज-149 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, सुमन-रायपुर, संकेत-बिलासपुर, आर्यन-रोहतक, प्रज्ञा-धमतरी, राहुल-बालोद, प्रिया-महासमुंद, गौतम-दिल्ली, कनक-बलौदा बाजार, त्रिशा-राजनांदगांव

कहानी

मंजरी शुक्ला



अबीर अपने मामा जी और दोस्त हर्षित के साथ पिकनिक मनाने के इरादे से नदी किनारे आया। लेकिन तीनों नदी के आस-पास का नजारा देखकर दुखी हो गए। असल में वहां गंदगी बहुत थी। तो क्या तीनों पिकनिक का इरादा छोड़कर वापस लौट गए या वहां कुछ अनहोनी हो गई?

# मुस्कुरा उठी नदी



तुम्हारे मामा इतनी दूर से तुमसे मिलने आए हुए हैं और तुम अपने कमरे में बैठे हुए हो!' मामा जी यह कहते हुए एकाएक अबीर के सामने आकर खड़े हो गए।

अबीर खुशी से उनसे लिपट गया, 'अरे! आप कब आ गए मामाजी?' 'आया तो अभी हूं। आज हम नदी किनारे पिकनिक मनाने चलेंगे।' मामा जी अबीर के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोले।

अबीर तुरंत बोला, 'मामा जी, मैं अपने दोस्त हर्षित के घर जाकर उसे भी ले आता हूं। वह भी हमारे साथ पिकनिक मनाने चलेगा।' थोड़ी ही देर बाद मामा जी के साथ कार में बैठकर अबीर और हर्षित पिकनिक के लिए निकल गए। दोनों मजे से मामा जी से बात करते हुए चले जा रहे थे। मामा जी ने बताया, 'मेरे गांव में नदी का पानी इतना स्वच्छ और निर्मल रहता है कि सभी लोग नदी के पास किसी घने पेड़ के नीचे बैठकर अपना सुख-दुःख बांटते हैं, प्रकृति के करीब काफी समय बिताते हैं फिर शाम तक घर लौटते हैं।'

अबीर बोला, 'अच्छा! मामा जी इसी तरह की और बातें भी हमें बताएं ना!' मामा जी ने अपने बचपन की यादों का पिटारा खोल दिया। बातों ही बातों में न जाने कितना समय निकल गया, कुछ पता ही नहीं चला।

तभी हर्षित खुशी से चिल्लाया, 'ठंडी हवा आने लगी है, मतलब हम नदी के पास पहुंच गए हैं।' मामा जी ने एक जगह रुक कर गाड़ी लॉक की और बोले, 'आज हम लोगों को बहुत मजा आएगा।' 'यहां तो एक अजीब-सी बदबू आ रही है।' अबीर ने नाक पर हाथ रखते हुए कहा। थोड़ा आगे बढ़े तो हर्षित बोला, 'लग रहा है यहां पर लोग पिकनिक मनाने नहीं बल्कि अपने घर का कूड़ा डालने के लिए आए हैं।' 'वह आंटी तो पूरा बैग भरकर प्लास्टिक और अगरबत्ती के पैकेट नदी के अंदर डाल रही हैं।' मामा जी उस ओर इशारे करते हुए बोले। 'चारों तरफ चिप्स और बिस्किट के पैकेट बिखरे पड़े हुए हैं।' हर्षित धीरे से बोला।

'हम लोग कहीं और चलकर पिकनिक मनाते हैं।' अबीर मुंह बनाते हुए बोला। हर्षित ने भी सहमति जताई, 'अबीर सही कह रहा है। हम इतनी गंदी जगह बैठ कर पिकनिक नहीं मनाएंगे। यहां बैठकर खाना-पीना दूभर हो जाएगा।'

लेकिन मामा जी तो अपने आप में खोए हुए एकटक नदी की तरफ देखे जा रहे थे। कुछ देर बाद वह बोले, 'यही नदी हमारे गांव तक भी जाती है। वहां इसका पानी इतना साफ होता है कि तुम्हें गहरे पानी की मछलियां भी तैरती हुई साफ नजर आएंगी। सच बात तो यह है कि नदी गंदी नहीं होती है। हम इंसान मिलकर उसे गंदा या साफ बनाते हैं।'

'पर हम कर भी क्या सकते हैं? अगर हम इन लोगों को समझाएंगे तो क्या ये हमारी बात सुनेंगे?' अबीर दुखी स्वर में बोला। अबीर की बात सुनकर मामा जी ने इधर-उधर देखा। वहां पर खड़ी पुलिस की एक गाड़ी पर उनकी नजर पड़ी। वह तेजी से गाड़ी की ओर बढ़ गए। हर्षित डर गया और अबीर से बोला, 'अब तो पुलिस वाले मामा जी को पकड़ लेंगे।'

'तू थोड़ा कम डरा कर।' अबीर अपने दोस्त हर्षित के गाल पर चपत मारते हुए बोला।

मामा जी जब बहुत देर तक पुलिस वालों से कुछ बात करते रहे तो हर्षित से न रहा गया, बोला, 'लगता है पुलिस वालों से मामा जी की बहस हो रही है। चलो, चलकर उन्हें बचाते हैं।'

एक ही पल बाद मामा जी पुलिस इंस्पेक्टर और उसके तीन सिपाहियों के साथ एक दूसरी ओर जाते हुए दिखे। सभी उन लोगों के पास पहुंचे, जो नदी में और उसके आस-पास गंदगी फैला रहे थे। सिपाहियों ने उन लोगों से न जाने क्या कहा कि उनकी बात सुनते ही सभी के चेहरों पर हवाइयां उड़ने लगीं। सबने तुरंत सारा कूड़ा उठाकर मैदान में एक ओर लगे कचरे के डिब्बों में फेंक दिया। कुछ लोग तो अपने आप नदी के किनारे से प्लास्टिक की बोतलें वगैरह उठाकर कूड़े के डिब्बों में डालने लगे, जो उन्होंने फेंकी भी नहीं थी। देखते ही देखते वहां सब साफ-सुथरा नजर आने लगा।

मामा जी एक पेड़ की छांव के नीचे खड़े होकर हंसते हुए बोले, 'तो अब इस स्वच्छ जगह पर बिछा लें हम लोग अपनी चटाई और शुरू करें पेट पूजा?' लेकिन अबीर मामा जी का हाथ पकड़ते हुए बोला, 'पहले आप बताएं कि आपने उन पुलिस वालों से क्या कहा?' 'जब मैंने पुलिस वालों को बताया कि नदी इतनी गंदी हो रही है, इसका पानी काला हो रहा है तो उन्होंने कहा कि हम तो बहुत मना करते हैं पर कोई मानता ही नहीं है।' 'फिर आपने क्या कहा?' हर्षित ने उत्सुकता से पूछा। 'तो मैंने कहा कि आप उनसे यह क्यों नहीं बताते कि यही पानी, प्रोसेस होने के बाद नलों के द्वारा उनके घरों तक जाता है।' मामा जी गंभीर स्वर में बोले। अबीर ने मासूमियत से पूछा, 'तो क्या सचमुच इस नदी का ही पानी हमारे घरों में आता है?'

'और क्या, तुम्हारे घर की पानी की टंकी को भरने के लिए क्या हर बार बरसात होगी?' मामा जी ने हंसते हुए कहा। मामा जी के साथ अबीर और हर्षित भी हंस पड़े। तीनों ने पेड़ की छांव में बहती ठंडी हवा में अपने साथ लाए भोजन का मजा लिया। जब वहां से उठने लगे तो मामा जी ने ध्यान दिया कि लोग खाना खाकर प्लास्टिक और डिस्पोजेबल प्लेट नदी में नहीं फेंक रहे थे बल्कि अपने साथ लाए थैलों में रख रहे थे।

मामा जी ने नदी की तरफ बहुत ही प्यार से देखा और खुशी के मारे अपनी नम आंखें पोंछ लीं। उन्हें लगा जैसे नदी मुस्कुरा रही है। नदी को लग रहा है कि वो अब हमेशा स्वच्छ-निर्मल रहेगी। *

कविता

देवी प्रसाद गौड़



## धरती मां हम सबकी मां है

प्राण पले जिसकी गोदी में,
उस पृथ्वी को शीश झुकाएं।
कण-कण रहे सुगंधित इसका,
हरित क्रांति से धरा सजाएं।।
शुद्ध हवा से रोग मरेंगे,
पेड़ों पर चिड़िया चहकेंगी।
तन ताजा हो मन में मस्ती,
फूलों की बगिया महकेंगी।।
खाने को अन्न दिया तुमने,
पीने, अमृत जैसा पानी।
अमृत में विष नहीं घुलेगा,
बहुत हुई अब तक नादानी।।
दूर रहें नदियों से नाले
अलग व्यवस्था करनी होगी
हर जीवन पानी का प्यासा,
सबकी पीड़ा हरनी होगी।।
धरती की हर सांस प्रदूषित,
वर्षों से बीमार बेचारी।
धरती मां हम सबकी मां है,
समझें अपनी जिम्मेदारी।।
स्वच्छ रखेंगे सड़क जलाशय,
मिल-जुल कर करते श्रमदान।
शहर-नगर या गली गांव की,
इनसे बनती अपनी शान।।
हम भविष्य हैं इस पृथ्वी के,
सेवा है संकल्प हमारा।
जहरीला परिवेश हो गया,
पाना है इससे छुटकारा।।
रहें समर्पित जीवन भर,
फिर औरों को भी समझाएं।
एक रोज क्यों मने वर्ष में
हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएं।।

## रंग भरो-173

**रंग भरो-173** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





समृद्धि, शहडोल



सौम्य, बालोद



अन्वीक्षा, दुर्ग



आस्तिका, चांपा



सार्थक, रायपुर




वैदिक, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, डिंपल-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, राशि-दुर्ग, सत्यम-रायपुर, अमन-कोरबा, सक्षम-बिलासपुर, दिव्या-रायगढ़, जतिन-रोहतक, काव्या-महासमुंद, जीविका-बलौदा बाजार, सौम्या-भोपाल, आद्या-हिसार, कुसुम-बिलासपुर, राशि-दिल्ली

## रंग भरो 174



बच्चो, यहां पर 'पृथ्वी दिवस' से जुड़ा एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया

**सफीदों।** राजकीय महाविद्यालय सफीदों में लिटरेरी सोसायटी एवं परफॉर्मिंग आर्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा व अध्यक्षता उपप्राचार्या डा. सरला सहरावत ने की। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न साहित्यिक और समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं।

### बच्चों ने खेत में जाकर सीखा फसल मैनेजमेंट

**जींद।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल अहिरका में आज के बढ़ते प्रतियोगिता के युग में तथा पूरे देश में तकनीकी प्रगति को देखते हुए लर्निंग बाय डूइंग की पद्धति को अपनाया है। इसी क्रम में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को साइंस के टॉपिक क्रॉप प्रोडक्शन एवं मैनेजमेंट के लिए बच्चों को कृषि पद्धतियों व कृषि उपकरणों को दिखाया गया और उनके बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

### कमरे का ताला तोड़कर नकदी और सामान चोरी

**जींद।** गांव अहिरका में बीती रात चोरों ने खेत में बने कमरे का ताला तोड़ दस हजार रुपये की नगदी, सरसों, इन्वर्टर, बैटरी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अहिरका निवासी नरेंद्र ने शिकायत में बताया कि कमरे का ताला तोड़ कर सोलर प्लेट, दस हजार रुपये की नगदी, सरसों का कट्टा चोरी कर लिया।

### अपहरण कर दुष्कर्म का आरोप, दो नामजद

**जींद।** शहर थाना इलाके से नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने तथा पीड़िता की सोने की चेन तथा मोबाइल फोन न देने पर शहर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ दुष्कर्म करने, चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोनीपत इलाके के एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी है।

### परमात्मा की हर व्यवस्था स्वचालित

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि परमात्मा के संसार में केवल चेतन कहलाने वाले प्राणी ही सक्रिय नही। जड़ कहलाने वाली समस्त प्रकृति भी क्रियाशील है। सूर्य की किरणें करोड़ों मील दूर सूर्य से चल कर पृथ्वी पर हमें उचित मात्रा में ऊर्जा तथा रोशनी देती हैं। सूर्य की गर्मी से समुद्रों का जल गर्म होकर ऊपर उठता है और आकाश में हवा के वेग से बादल बन कर दूर-दूर तक वर्षा करता है।

### तीरंदाजी में परवीर ने जीता कांस्य पदक

**जींद।** स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल जींद के छात्र परवीर ने हरियाणा तीरंदाजी संघ द्वारा भिवानी के सांगा में आयोजित राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर-13 वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। जिसमें राज्य भर के प्रतिभाशाली तीरंदाजों ने भाग लिया। परवीर की इस उपलब्धि पर स्कूल की प्राचार्या प्रीति वर्मा ने बधाई दी।

### तेग बहादुर प्रकाशोत्सव पर कीर्तन दरबार आज

**जींद।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में नौवीं पातशाही गुरु तेग बहादुर साहिब का प्रकाश पर्व शुक्रवार को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। गुरुघर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि शुक्रवार प्रातः दस बजे प्रकाश पर्व की खुशी में रखे गए श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का भोग डाला जाएगा तथा सायं पांच बजे से नौ बजे तक कीर्तन दरबार सजाया जाएगा।

### चार सालों के लिए 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप मिली

**जींद।** फाऊंडेशन किशोरियों की शिक्षा को बेहतर करने के प्रयास के लिए सरकार के साथ मिल कर सहेली की उड़ान प्रोग्राम के अंतर्गत कार्य कर रहा है। फूलिया खुर्द केजीबीवी विद्यालय में स्वतालीम द्वारा 10 छात्राओं को करियर अवेयरनेस प्रोग्राम के अंतर्गत ब्रिज कोर्स में दाखिला दिलाया गया।

## जुलाना कस्बे के धर्मकांटे पर रात के समय जमकर हंगामा

# तोल में अंतर मिलने के बाद धर्मकांटे के कर्मियों ने अन्नदाता के साथ की मारपीट

### मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा

**किसान बोले-ट्रैक्टर और ट्रॉली का वजन 42 क्विंटल बनता है, 23 क्विंटल गेहूं की चपत लगाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के धर्मकांटे पर तोल में अंतर मिलने पर रात के समय जमकर हंगामा हुआ। कांटे के कर्मियों ने दो किसानों के साथ मारपीट की। शामलो कलां गांव के किसान रामदिया ने बताया कि बीती रात वह अपने भतीजे अंकित के साथ गेहूं की ट्राली भरकर जुलाना अनाजमंडी में आया था। उसने मंडी के बाहर बने कृष्णा धर्मकांटे पर वजन करवाया तो ट्रॉली समेत 114 किवंटल 40 किलोग्राम वजन मिला। जब वह मंडी में गेहूं को उतार कर आया तो खाली ट्रैक्टर और ट्रॉली का वजन करवाया तो कांटे पर 65 क्विंटल दोनों का वजन बताया गया। जब दोबारा पर्ची निकालने की बात हुई तो कर्मचारियों दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। रामदिया ने बताया कि उसके ट्रैक्टर और ट्रॉली का वजन 42 क्विंटल बनता है। ऐसे में उसे 23 क्विंटल गेहूं की चपत लग गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियों में दिखाई दे रहा है कि कर्मचारी किसानों के साथ बड़ी लकड़ी के साथ किसानों के साथ मारपीट कर रहे हैं। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जुलाना मंडी चौकी इंचार्ज मोनिका ने बताया कि पुलिस को शिकायत मिली थी कि जुलाना में धर्मकांटें पर किसानों के साथ मारपीट की गई है। पुलिस केस की जांच में जुटी हुई है।



जुलाना। किसानों के साथ मारपीट करते कांटे के कर्मी। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। मंडी में फसल का निरीक्षण करते भाजपा जिलाध्यक्ष तजेंद्र ढुल।

### मंडी का किया भाजपा जिलाध्यक्ष ने निरीक्षण

नई अनाजमंडी का भाजपा जिलाध्यक्ष तजेंद्र ढुल ने निरीक्षण किया। इस मौके पर आढ़तियों और किसानों को संबोधित करते हुए तजेंद्र ढुल ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हित के लिए लगातार काम कर रही है। मंडी में किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो, इसके लिए सभी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंडी में बिजली पानी के किसानों के लिए सभी प्रबंध किए गए हैं। किसानों और मजदूरों के लिए 10 रुपये में खाना उपलब्ध करवाने के लिए कैंटीन खोली गई है। जहां पर किसान और मजदूर भरपेट खाना मात्र 10 रूपये में खा सकते हैं। तजेंद्र ढुल ने कहा कि मंडी में कांटों पर निशुल्क तोल किया जा रहा है। किसानों को चाहिए कि वो सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाएं। मंडी में आने वाले किसान भी अपनी फसल को सुखाकर लाएं ताकि समय रहते उनकी फसल बिक सके। इस मौके पर भाजपा नेत्री डा. पुष्पा तायल, चेयरमैन डा संजय जांगड़ा, मार्केट कमेटी सचिव कोमिला, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# व्यावसायिक शिक्षा का ज्ञान जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद में नेशनल स्किल क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क के अंतर्गत सामान्य ड्यूटी सहायक व सूचना प्रौद्योगिकी स्किल विषयों के बारे में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को वोकेशनल एजुकेशन के महत्व के बारे में जागरूक किया व ज्यादा से ज्यादा ज्यादा सरकारी स्कूल में दाखिला लेकर अपनी स्किल में बेहतरीन प्रदर्शन कर संबंधित क्षेत्र में अपना रोजगार पाने के अवसरों के बारे में ग्रामीणों को अवगत करवाया। इस दौरान राहगीरों को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित नेशनल स्किल क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क के अंतर्गत चल रहे सरकारी विद्यालयों में वोकेशनल कोर्सेज व उनके स्कोप के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। व्यावसायिक शिक्षिका सीमा लालर ने बताया की सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता अगर घर पर बच्चों पर जरा सा भी ध्यान दें तो बच्चा बहुत ज्यादा तरक्की करता है। और अपना भविष्य उज्जवल करता है। वोकेशनल एजुकेशन को बढ़ावा देने व सरकारी विद्यालयों में प्रवेश बढ़ाने हेतु मैडम सीमा ने बताया कि अगर हम सरकारी संस्थाओं को बढ़ावा नहीं देंगे।



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।




जींद। जन समस्याएं सुनते हुए एडीसी। फोटो :हरिभूमि

### समाधान शिविर का उठाएं लाभ

**जींद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगराधीश डा. आशीष देशवाल सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें अधिकांश शिकायतें फैमिली आईडी में आय कम करवाने से संबंधित थी। इसके अतिरिक्तए नागरिकों ने आवास योजना के तहत लाभ प्राप्त करनेए वृद्धावस्था पेंशन बनवाने, इंतकाल तथा शिक्षा, बिजली एवं पुलिस विभाग से जुड़ी समस्याओं को भी उठाया।

### निशुल्क स्किन कैंप का सैकड़ों लोगों को होगा लाभ : कवरदीप वालिया

**पूंडरी।** वालिया हस्पताल की सराहनीय पहल और बेदी हस्पताल के सहयोग से बस स्टैंड के सामने वालिया हस्पताल, पूंडरी में निशुल्क स्किन कैंप (निशुल्क स्कीन शिविर) का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप 20 अप्रैल (रविवार) को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इस बारे में जानकारी देते हुए गांव फतेहपुर से प्रमुख समाजसेवी एडवोकेट कंवरदीप वालिया ने बताया कि इस विशेष शिविर में त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. हरमन वालिया अपनी सेवाएं देंगे, जो अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, यू.पी. से स्नातक हैं और कल्पना चावला गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, करनाल के पूर्व रेजिडेंट डॉक्टर रह चुके हैं। उन्होंने शिविर की विशेषताओं के बारे में बताया कि शिविर में चर्म रोग, मुंहासे, झाइयां, एलर्जी, नाखून रोग, बालों की समस्या, सफेद दाग आदि रोगों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा।

### भाजपा ने दी जनता को महंगाई की मार

**कैथल।** इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि बीजेपी की सरकार महंगाई जैसे मुद्दे को भुनाकर सत्ता में आई थी आज वहीं बीजेपी आम जनता को जबरदस्त महंगाई की मार मार रही है। माजरा आज आरकेएम पैलेस में इनेलो जिलाध्यक्ष अनिल तवर की अध्यक्षता में इनलो जिþला कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। माजरा ने संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और कहा कि आज क्रूड ऑयल के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दाम पिछले बीस साल में सबसे कम हैं तब भी बजाय आम जनता को पेट्रोल और डीजल के रेट कम करके राहत देने के 2 रूपए उत्पाद शुल्क लगा दिया है। बीजेपी ने पिछले दस सालों में एक भी लोक भलाई का काम नहीं किया है उल्टा आम जनता के उपर कई तरह के टैक्स की मार दी है।



कैथल। बैठक को संबोधित करते इनलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा।



राजौंद। योग कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### सात दिवसीय योग शिविर लगाया

**राजौद।** शिव शंकर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कसान में गुरुकुल कुरुक्षेत्र की तरफ से सात दिवसीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत योग गुरु राजेश बा द्वारा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रदीप कसान ने की। योग शिविर में विद्यार्थियों को योग और प्राणायाम के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि आज का मानव बोझिल और तनाव युक्त है तनाव भरे जीवन को तनाव मुक्त बनाने का सिर्फ एक ही माध्यम है वह योग है। इसलिए सभी को योग और प्राणायाम करना चाहिए। उन्होंने योग और आत्मा का गहरा संबंध बताया। योग के माध्यम से ही परमात्मा को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होने कहा कि तन ओर मन को शुद्ध करने का माध्यम सिर्फ योग है। इसके लिए योग गुरु ने विद्यार्थियों को अनेक योग क्रियाएं सिखाई।

### बच्चों के माता-पिता को किया जागरूक

**अलेवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाडे के तहत दालमवाला गांव में प्ले स्कूल के अंतर्गत स्कूल रेडिनेस मेले आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी संतोष यादव ने की तथा मुख्य रूप से प्रधानाचार्य जगदीश ने भाग लिया। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी संतोष यादव ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र में आने के लिए प्रेररित करना है। इसमें बच्चों के माता-पिता को कार्यक्रम के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने अभिभावकों को प्ले स्कूल की गतिविधियों के बारे में गहराई से अवगत कराने के अलावा बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने और बच्चों के सर्वांगिण विकास के महत्व को बताया। इस अवसर पर सुपरवाइजर आशा,समन्वयक प्रतीक, सरपंच चंद्रपति, ब्लाक समिति सदस्य अंजू ने भाग लिया।



अलेवा। गांव दालमवाला में बच्चों के अभिभावकों के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी संतोष यादव।



जींद। कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्या और संगठन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### कन्या कालेज और संगठन के बीच एमओयू साइन

**जींद।** महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन जींद और हिंदू कन्या कालेज ने वीरवार को एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोगात्मक पहल का उद्धेश्य महाविद्यालय की छात्राओं के शैक्षणिक और कौशल विकास को बढ़ावा देना है। समझौता ज्ञापन पर संस्था के अध्यक्ष राजकुमार भोला और महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने हस्ताक्षर किए और एक दूसरे के साथ आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े एवं भारतीय जनता पार्टी के भूजल प्रकोष्ठ के सह संयोजक मुकेश कुमार शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर डा. गीता गुप्ता, नीलम, प्रियंका साहनी आदि उपस्थित रहे। इस सहयोगात्मक प्रयास से हिंदू कन्या महाविद्यालय की छात्राओं को महत्वपूर्ण अवसर मिलेंगे और उनके समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### वृक्षों की देखभाल का संकल्प

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज के ईको क्लब ने हर्बल पार्क द्वारा एक महत्वपूर्ण आयोजन किया। इसमें वृक्ष अपनाने पर जोर दिया। इस आयोजन में छात्राओं को वृक्षों को अपनाने, उन्हें पवित्र मौली बांधने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेने का अवसर मिला। इस पहल का उद्धेश्य पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना और छात्रों को वृक्ष संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करना था। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने छात्राओं को इस आयोजन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पहले वृक्ष पर मौली बांधकर कार्यक्रम की शुरुआत की और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। उनकी उपस्थिति और उत्साह ने छात्राओं को सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# लाभ न दिए जाने पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्थानीय अक्षर भवन में रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लाक जींद कार्यकारिणी की बैठक मास्टर कर्मबीर सिंह संधू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में खंड प्रधान कर्मबीर संधू ने बताया कि आगामी 22 अप्रैल मंगलवार को जिला मुख्यालय पर रिटायर्ड कर्मचारियों द्वारा धरना व प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें सैंकड़ों पैंशनर्ज भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकसभा में 25 मार्च को जो वित्त विधेयक पारित किया है, उसमें 31दिसंबर 2025 से पहले सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों और एक जनवरी 2026 के बाद सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को दो कैटेगरीज में बांट दिया है। ऐसा करके सरकार 31 दिसंबर 2025 से पहले सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को वेतन आयोग के लाभों से वंचित करना चाहती है। इस दोभांत भरी कारगुजारी को रिटायर्ड कर्मचारी कभी सहन नहीं करेंगे। खंड सचिव महेंद्र सिंह बिश्नोई ने कहा कि अखिल भारतीय राज्य सरकारी पैंशनर्ज फैडरेशन के आह्वान पर 22 अप्रैल को पूरे देश में जिला प्रशासन के मार्फत केंद्रीय वित्त मंत्री को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। जिसकी तैयारी में कर्मचारियों से घर घर जाकर संपर्क किया जा रहा है और सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए पेंशनर्ज। फोटो :हरिभूमि



जींद। एडीसी से मिलकर आए सैनी मोहल्ले के लोग। फोटो :हरिभूमि

### कर्मियों के खिलाफ हो कार्रवाई

**जींद।** सैनी मोहल्ला के लोगों ने गुरूवार को अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य से मिल कर उन्हीं के कॉलोनी के युवक व कुछ अन्य युवकों द्वारा पंचायती जमीन की प्रॉपर्टी आईडी फर्जी तरीके से युवा सैनी सभा के नाम करवाने की शिकायत दी है। इन लोगों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा सांठगांठ कर यह फर्जी प्रॉपर्टी आईडी बनवाई गई है। अतिरिक्त उपायुक्त ने इन लोगों को उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। गुरूवार को सैनी मोहल्ला निवासी बीजेपी नेता हरिदास सैनी, पूर्व पार्षद रूपराम, डेरा ज्वालमाला के महंत स्वामी सदानंद, जसवंत सैनी, संतराम सैनी, राहुल सैनी, रमेश सैनी, जयपाल सैनी, राजेश कुमार, सतीश सैनी, आनंद सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग उपायुक्त कार्यालय पंहुचे। ये लोग अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य से मिले।

## मोतीलाल स्कूल में एनसीसी के लिए ऑनलाइन पंजीकरण संपन्न

# मेरा युवा भारत अभियान के उद्देश्य से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में सात से 15 अप्रैल तक मेरा युवा भारत थीम के तहत राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी के लिए ऑनलाइन पंजीकरण किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से जोडऩा था। विद्यालय प्रबंधन द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान ने छात्रों में देशभक्ति, सामाजिक समर्पण और आत्मविश्वास के भाव को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के मुख्य प्रांगण में प्रार्थना सभा के साथ हुई। जहां विद्यार्थियों को मेरा युवा भारत अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। इसके पश्चात विद्यालय की वेबसाइट और एनसीसी पोर्टल के माध्यम से छात्रों को ऑनलाइन पंजीकरण करने की प्रक्रिया सिखाई गई। तकनीकी सहायता हेतु विद्यालय में एक हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया था। विद्यालय में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नौ से 12 तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय था युवा शक्ति-राष्ट्र की प्रगति। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और देशभक्ति के भाव को प्रभावशाली नारों में पिरोया। इस अभियान में विद्यालय के वरिष्ठ एनसीसी कैडेट पार्थिव ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने एनसीसी से जुड़े अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि यह संगठन न केवल अनुशासन और नेतृत्व सिखाता है बल्कि व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया और प्राचार्य रविंद्र कुमार ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि मेरा युवा भारत एक ऐसा अभियान है, जो देश के भविष्य को आकार देता है। विद्यालय हर वर्ष एनसीसी पंजीकरण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रयासरत रहता है और आने वाले समय में कैंप, परेड और सामुदायिक सेवा जैसी गतिविधियों को भी शामिल किया जाएगा। इस प्रकार के कार्यक्रमों से न केवल छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है बल्कि एक मजबूत और जागरूक नागरिक समाज के निर्माण की नींव भी रखी जाती है।




जींद। छात्रों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। दिव्यांगों को सहायक उपकरण बांटने के मौके पर मौजूद अतिथि।

### 424 को बांटे सहायक उपकरण

**जींद।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी ने वीरवार को सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव रवि हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर उपायुक्त तथा जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रधान मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में तथा भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी एवं महासचिव मुकेश अग्रवाल के दिशा-निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस शिविर में दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की चेयरपर्सन डा. सदफ तथा डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के पुत्र रुद्राक्ष मिड्ढा ने शिरकत की। इसके अतिरिक्त अलिमको दिल्ली की ओर से एसके रथ भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि जिले में दिव्यांगजनों ने छह जनवरी से 10 जनवरी तक अपने फार्म भरे थे। जिनमें से 424 लाभार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किए गए।

## खबर संक्षेप

### स्कूलों में नामांकन अभियान चलाया

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने हेतु अभियान 16वें दिन भी जारी रखा। आज कसान, सोगरी गुलियाना, किठाना,जड़ौला व चूहड़ माजरा के सरकारी स्कूलों स्कूलों में नामांकन अभियान चलाया गया।

### मुस्तैदी से ड्यूटी निभा रहे चौकी इंचार्ज सुरेश

**कैथल।** अनाज मंडी चौकी एएसआई इंचार्ज सुरेश कुमार गेहूं सीजन में मुस्तैदी के साथ डयूटी करते देखे जा रहे हैं। वे अपनी टीम के साथ सुबह से सायं तक अनाज मंडी का दौरा करते व्यवस्था को चाक चौबंद बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि वे गाडी और स्कूटी से सफर कर चप्पे-चप्पे पर नजर रख रहे हैं ताकि किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी न हो। चोरी व अनहोनी को लेकर वे समय-समय पर खुद मंडी का दौरा करते हैं।

### बिटौड़े हटाने पहुंची टीम का किया विरोध

**नरवाना।** वीरवार को नरवाना के चोपड़ा पट्टी इलाके में उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब प्रशासन की टीम बाबा गैबी साहब तालाब के सौंदर्यकरण कार्य के तहत बिटौड़े ;गोबर के उपले बनाने व रखने का स्थानद्ध हटाने पहुंची। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का जोरदार विरोध किया और मौके पर जमकर हंगामा हुआ। सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार प्रशासन वहां पहुंचा तो लोगों को समझा बुझाकर

### प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी

**कैथल।** राजकीय आईटीआई कैथल में हरियाणा स्टेट सेंटर, रेड क्रॉस सोसाइटी चंडीगढ़ व औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा ओरिएंटेशन कार्यक्रम में आज दूसरे दिन अंजु शर्मा फर्स्ट एड नेशनल मास्टर ट्रेनर सेंट जॉन एम्बुलेंस (भारत) हरियाणा दवारा घाव, पट्टी, हड्डी की टूट व ट्रांसपोर्ट मेथड के बारे में प्रैक्टिकल मेथड से सिखाया गया। विद्यार्थियों ने अत्यंत रुचि के साथ शिखा फर्स्ट एड बॉक्स में क्या-क्या समान होता है।

### अवैध कॉलोनी पर चलाया पीला पंजा

**जींद।** जींद में कैथल रोड पर वीरवार को जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों को ढहाया गया। इसमें चार एकड़ में विकसित की गई दो कॉलोनियों में करीब सात दुकानों, तीन स्ट्रक्चर, चारदीवारी को ध्वस्त किया गया। इस दौरान सदर थाना पुलिस फोर्स के अलवा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर डीटीपी अंजू भी मौजूद रही।

### पुरस्कार स्वरूप लाखों रुपये की राशि जारी

**जींद।** हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी पंचकूला द्वारा साहित्य को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा के साहित्यकारों को पुरस्कार स्वरूप लगभग 45 लाख रुपये की राशि साहित्यकारों के खाते में जारी की है। अकादमी के हिंदी, हरियाणवी एवं अंग्रेजी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने बताया कि हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी हिंदी और हरियाणवी व अंग्रेजी, उर्दू एसंस्कृत और पंजाबी में लिखी हुई पुस्तकों पर पुरस्कार प्रदान करती है।

### अब झुलसाने लगी गर्मी, लोग परेशान

**कैथल।** जिले में हवा की रफ्तार धीमी रहने से अब पिछले दो दिन से तापमान में बढ़ोतरी हुई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दो दिन तापमान और बढ़ेगा। वहीं, 18 और 19 अप्रैल को फिर से मौसम बदल सकता है। दिन का तापमान वीरवार को 37 डिग्री रिकॉर्ड किया, जिस कारण से दिन गर्म दिखाई दिया।

### चांदपुर गांव में मिजोरम से पहुंची टीम

**अलेवा।** आंगनवाड़ी वर्कर्स द्वारा पोषण ट्रैकर पोर्टल पर दर्शाए आंकड़ों को जांचने के लिए मिजोरम से सर्कल अधिकारी ललहरनल मौर्या और जोहन राटले के नेतृत्व में टीम चांदपुर गांव में पहुंची। अधिकारियों ने पोर्टल पर दर्शाए आंकड़ों को जांचा।

---

### मंडी में पड़ा आठ लाख क्विंटल गेहूं, लग रहे भ्रष्टाचार के आरोप

# गेहूं के धीमे उठान के चलते किसानों का 1.74 अरब रुपये का भुगतान रुका

**सरकारी खरीद एजेंसियों ने आढ़तियों द्वारा ज्यादा बारदाना लेने के एवज में निकाले नोटिस, आवक व उठान में भारी अन्तर**

राजपाल जिंदल ⏭ गुहला-चीका

एशिया की प्रमुख अनाज मंडी चीका में बारदाने को लेकर अधिकारियों व आढ़ती अब गेहूं के धीमे उठान को लेकर भ्रष्टाचार के आरोपों ने जोर पकड़ लिया है। सरकारी आंकड़ों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडी में अब तक 8 लाख 72 हजार क्विंटल गेहूं आ चुकी है परंतु धीमे लदान के चलते अब तक 81 हजार 952 क्विंटल गेहूं का ही उठान हो पाया है और अब मंडी गेहूं के कट्टों से ठसाठस भरी पड़ी है क्योंकि मंडी में लगभग 7 लाख 90 हजार क्विंटल गेहूं उठान के लिए बाट जोह रही है, जिसकी सरकारी कीमत लगभग 1 अरब 74 करोड़ रुपए बनती है और यह पेमेंट किसानों के खाते में ना आने के कारण किसानों को भारी आर्थिक परेशानी से जूझना पड़ रहा है। इस बीच पत्रकारों से बातचीत करते किसानों गुरबचन , तरसेम चंद, राम भज, अमरजीत आंधली, सतबीर, बुद्ध राम, मंगल राम व सलिंद्र कुमार आदि ने बताया कि सरकार के आदेशों के चलते किसानों के खाते में उनकी गेहूं की पेमेंट नियमानुसार खरीद होने के 72 घंटे के भीतर होनी अनिवार्य है। बताया कि वे अपनी गेहूं को सप्ताह पहले आढ़ती के माध्यम से सरकार की विभिन्न खरीद एजेंसियों को बेच चुके हैं परंतु अभी तक उक्त एजेंसियों द्वारा उनके खाते में भुगतान की राशि नहीं आई है, जिससे यह साबित होता है कि प्रदेश की भाजपा सरकार की कथनी व करनी में भारी अंतर है और सरकार के गेहूं के 72 घंटे के भीतर भुगतान के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। उक्त किसानों ने बताया कि गेहूं का भुगतान ना होने बारे उन्होंने जब अपने अपने आढ़तियों से पूछा, तो आढ़तियों ने बताया कि जब तक गेहूं के खरीदे हुए कट्टे सरकारी गोदामों में नहीं पहुंच जाते, तब तक उनका भुगतान नहीं हो पाएगा और सरकार के भुगतान के 72 घंटे के आदेश भी उसी समय से लागू होंगे, जब बिकी हुई गेहूं गोदामों में पहुंच जाएगी। खरीद एजेंसियों ने बारदाने को लेकर आढ़तियों को भेजे नोटिसः चीका मंडी में बारदाने की चल रही किल्लत व बारदाना वितरण में कथित रूप से खरीद एजेंसियों पर लग रहे धांधली के आरोपों के चलते खरीद एजेंसी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग व हैफेड द्वारा आज आढ़ती एसो को एक नोटिस जारी कर जिस आढ़ती के पास पर्याप्त मात्रा से अधिक बारदाना है, उसे तुरंत एजेंसी में जमा करवाया जाए, ताकि जिन आढ़तियों को बारदाने की कमी खल रही है, उक्त बारदाना उन आढ़तियों को बांटकर बारदाने की कमी को पूरा किया जा सके, जिसके चलते आढ़ती ऐसोसिएशन ने सभी आढ़तियों को सरकारी खरीद एजेंसियों के आदेशों से अवगत करवा दिया।


गुहला-चीका। धीमे लदान के चलते मंडी में लगे गेहूं के कट्टों के अंबार।

#### कोई भ्रष्टाचार नहीं हो रहा

मंडी प्रधान कर्म चंद से बात की गई, तो उन्होंने ऐसोसिएशन पर लगाए जा रहे सभी आरोपों को नकारते हुए कहा कि गेहूं लदान कार्य में किसी भी प्रकार का कोई भ्रष्टाचार नहीं हो रहा है। उन्होंने पर्ची सिस्टम पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसोसिएशन द्वारा आढ़ती को जो पर्ची दी जाती है, वह माल आढ़ती का ही होने व ट्रांसपोर्टर के ट्रक की पुष्टि करने के लिए ही होती है। क्या कहना है अधिकारियों का: इस सम्बन्ध में जब सरकार की दोनों खरीद एजेंसियों के अधिकारियों सुरेंद्र जांगड़ा व राजेंद्र कुमार से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि मंडी में जो बारदाने की किल्लत थी, उसे हल किया जा रहा है और लदान कार्य के लिए ठेकेदार को आदेश दिए गए हैं कि वह जल्द से जल्द मंडी से गेहूं के कट्टों का उठान कार्य करवाए, ताकि समय रहते किसानों के खातों में उनकी पेमेंट डाली जा सके

#### भाकियू ने लगाए उठान कार्य में भ्रष्टाचार के आरोप

गेहूं के मंडी में हो रहे धीमे लदान के चलते भारतीय किसान यूनियन चढूनी के जिला प्रभारी लखविंद्र सिंह किंद्र, जिला महासचिव महावीर पूनिया व आई.टी. सैल गुहला के हलका प्रधान जरनैल जैली ने आरोप लगाया कि मंडी में गेहूं का जो धीमा लदान हो रहा है, उसके पीछे हरियाणा सरकार की दोनों खरीद एजेंसियों, मंडी ऐसोसिएशन व सम्बन्धित ठेकेदार की मिलीभगत का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि मंडी से जिस भी आढ़ती की दुकान से गेहूं के भरे कट्टे उठवाकर सरकारी गोदाम तक भेजे जाते हैं, वह कट्टे आढ़ती ऐसोसिएशन द्वारा दी जाने वाली एक पर्ची के बिना, ना तो आढ़ती अपना माल लदवा सकता है और ना ही उक्त पर्ची के बिना सरकारी एजेंसियों के अधिकारी उक्त माल को अपने गोदाम में उतारते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त मामले के बारे में जब उन्होंने मंडी के कुछ आढ़तियों से पूछा, तो कुछ ने अपना नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि ऐसोसिएशन द्वारा जो पर्ची सम्बन्धित आढ़ती को गेहूं उठवाने के लिए दी जाती है, उस आढ़ती से ऐसोसिएशन द्वारा कथित रूप से ट्रांसपोर्ट के नाम पर नजराने की अवैध वसूली की जाती है।

---


कैथल। सेमीनार के दौरान उपस्थित पुलिस अधीक्षक राजेश कालिया व अन्य अधिकारी।

## किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वीरवार को एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार आरकेएसडी कॉलेज कैथल के सभागार में अनुसंधान अधिकारियों के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार दौरान एसपी राजेश कालिया स्वयं भी मौजूद रहे तथा उनके द्वारा भी वहां मौजूद सभी डीएसपी व थाना प्रबंधकों व अनुसंधान अधिकारियों का मार्गदर्शन किया गया। जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी सुनीता, सदस्य जेजे बोर्ड कैथल अरविंद्र खुरानिया, प्रदीप कुमार द्वारा बाल विवाह निषेध अधिनियम, पोक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम बारे तथा डीडीए जयभगवान गोयल द्वारा अनुसंधान में रहने वाली त्रुटियों बारे व अरनेश कुमार की गाइडलाइन की विस्तृत रुप से जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, पोक्सो एक्ट और किशोर न्याय अधिनियम भारत में बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए महत्वपूर्ण कानून हैं। बाल विवाह निषेध अधिनियम बाल विवाह को अवैध घोषित करता है, जबकि पोक्सो एक्ट बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए बनाया गया है। किशोर न्याय अधिनियम उन बच्चों के लिए प्रावधान करता है जो कानून के साथ संघर्ष में हैं या जिनके देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता है। इन कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने से बच्चों के लिए एक सुरक्षित और संरक्षित वातावरण बनाया जा सकता है। सेमिनार दौरान डीएसपी गुरविंद्र सिंह, डीएसपी सुशील प्रकाश, सभी थाना प्रबंधक व अन्य अनुसंधान अधिकारी मौजूद रहे।

### चोरों ने तीन दुकानों से लाखों का सामान चुराया

**कैथल।** कलायत के पुराने बस अड्डे से कर तीन दुकानों का ताला तोड़कर वहां से लाखों रुपए का सामान व नगदी चुरा कर ले गए। भीमसेन ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 16 अप्रैल की रात को चोर सीढियों के रास्ते उसकी दुकान में घुसे तथा उसकी व उसके साथ लगती दो दुकानों के ताले चटकाते हुए वहां पर रखी नगदी तथा सोने में चांदी के जेवरात चुरा कर ले गए। च

---

## धन्ना भगत जयंती का दिया न्योता

- उचाना में मनाई जाने वाली धन्ना भगत की जयंती में जुलाना से पहुंचेगी हजारों की संख्या में भीड़ : तेजेंद्र ढूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जुलाना की नई अनाज मंडी में भाजपा पार्टी जींद के जिलाध्यक्ष एडवोकेट तेजेंद्र ढूल पहुंचे। यहां पर उन्होंने आढ़तियों व किसानों को 20 अप्रैल को उचाना में मनाई जाने वाली धन्ना भगत की जयंती में पहुंचने के लिए लोगों को निमंत्रण दिया व साथ-साथ जुलाना की मंडी में गेहूं की खरीद व उठान की व्यवस्थाओं को देखा व पाया कि जुलाना में आढ़तियों व किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नही आ रही है। मंडी में पानी, बिजली, शौचालय आदि जैसी मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की दिक्कत नही है। जिलाध्यक्ष ने मंडी कार्यालय में सचिव से लेकर अन्य स्टाफ के सदस्यों को निर्देश दिए कि किसानों व आढ़तियों को सीजन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री डा. पुष्पा तायल, जुलाना मंडल अध्यक्ष प्रदीप मालवी, गतौली मंडल अध्यक्ष रवि, सतीश शर्मा, डा. संजय शर्मा, पतराम तायल, मार्केट कमेटी सचिव आदि मौजूद रहे।


जींद। अनाज मंडी में मौजूद भाजपा नेता। फोटो : हरिभूमि

## बीए अंतिम वर्ष की छात्राओं को विदाई दी

- कालेज में रिचा को सर्वश्रेष्ठ पहनावे और असमी कौशिक को मिस ब्यूटीफुल के खिताब से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पूंडरी में बीए अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अमिता राणा द्वारा दीप प्रज्वलन व छात्राओं को आशीर्वाद देकर किया।

प्राचार्या डॉ. अमिता ने छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए जीवन में संयम, संतुलन और सकारात्मक सोच बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने छात्राओं को हमेशा प्रसन्न रहने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान प्राध्यापिकाओं ने म्यूजिÞकल चेयर जैसे मनोरंजक खेलों में भाग लिया, जिसमें छात्राओं ने भी पूरे उत्साह से भागीदारी कर कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। छात्राओं के बीच विभिन्न टाइटल्स से उन्हें सम्मानित किया गया। मिलन को मिस इंटेलीजेंट, वंदना को मिस सिम्पलेसट, खुशी को मिस क्यूटेस्ट, रिचा को सर्वश्रेष्ठ पहनावे और असमी कौशिक को मिस ब्यूटीफुल के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच को जीवंत बना दिया। समापन पर स्वादिष्ट भोजन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में कॉलेज के स्टाफ सदस्यों ने भी भाग लिया।


पूंडरी। कालेज में आयोजित विदाई कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. अमिता को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

## गेहूं का उठान नहीं होने से बढ़ी परेशानी

- पूंडरी की अनाज मंडी में इस समय हालात कुछ खास नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

पूंडरी की अनाज मंडी में इस समय हालात कुछ खास अच्छे नहीं हैं। सोलूमाजरा से पूंडरी अनाज मंडी का लिंकेज हटाए जाने के कारण यहां के आढ़तियों को जहां भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं किसानों की पेमेंट में हो रही देरी ने उनकी परेशानी को और बढ़ा दिया है। अनाज मंडी पूंडरी के पूर्व प्रधान देवीदयाल बरसाना ने बताया कि जब तक मंडी से गेहूं का उठान नहीं होता, तब तक एजेंसियों द्वारा किसानों की पेमेंट उनके खातों में नहीं डाली जाती। यही कारण है कि भुगतान में लगातार देरी हो रही है, जिससे किसानों में गहरा रोष है। उन्होंने बताया कि यदि पूंडरी मंडी का लिंकेज सोलूमाजरा में बरकरार रहता, तो आढ़ती वहां सीधा किसानों की गेहूं भेज सकते थे और भुगतान भी समय पर हो जाता। सीजन की शुरूआत में भले ही सोलूमाजरा में जगह की कमी थी, लेकिन अब वहां प्रतिदिन गेंहू की स्पैशल लग रही हैं और पर्याप्त मात्रा में स्पेस भी होता जा रहा है। इसके बावजूद, प्रशासनिक लापरवाही और अनदेखी के कारण पूंडरी मंडी का लिंकेज अभी तक नहीं खोला गया है, जिससे दोनों पक्ष किसान और आढ़ती दोहरी मार झेल रहे हैं। वही किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही लिंकेज बहाल नहीं किया गया और पेमेंट प्रक्रिया को सुधारा नहीं गया, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होंगे।


पूंडरी। अनाज मंडी पूंडरी में जानकारी देते पूर्व प्रधान देवीदयाल बरसाना।

#### गेहूं की आवक तेज

*वहीं मंडी के नोडल अधिकारी अंशुल अरोड़ा ने कहा कि उनका प्रयास रहता है कि मंडी में किसी भी आढ़ती व किसान को परेशानी न आए। गेंहू मंडी में एकदम ही आ जाती है इसलिए परेशानी तो आती ही है।*

## विकास कार्यों को मिलेगी गति

- नरेश कुमार ने नगरपालिका के सचिव पद का कार्यभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

नगरपालिका पूंडरी को अब नया सचिव मिल गया है। नरेश कुमार ने औपचारिक रूप से पूंडरी नगरपालिका के सचिव पद का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले वे फारूकनगर नगरपालिका में सचिव पद पर कार्यरत थे, जहां उनके कार्यकाल को प्रशासनिक अनुशासन, कुशल नेतृत्व और जनसेवा के लिए सराहा गया। नरेश कुमार ने पूंडरी पहुंचते ही पदभार ग्रहण करते कहा, नगरीय विकास, स्वच्छता, पारदर्शी प्रशासन और नागरिक सुविधाओं का विस्तार मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। मैं हर नागरिक की समस्या को अपनी समस्या मानकर उसका समाधान सुनिश्चित करूंगा।

पूर्व सचिव अशोक कुमार के स्थान पर नियुक्त किए गए नरेश कुमार से स्थानीय प्रशासन और जनता को काफी उम्मीदें हैं। नगरवासियों का मानना है कि उनके अनुभव और कार्यशैली से पूंडरी में विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी। कार्यभार ग्रहण समारोह के दौरान नगर पालिका कर्मचारियों और अधिकारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कई सामाजिक संगठनों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी नरेश कुमार का अभिनंदन किया और नगर के सर्वांगीण विकास में सहयोग का भरोसा दिलाया। नगरपालिका सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सडक मरम्मत, और पेंडिंग प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस मौके पर अकाउंटैंट सुशील कुमार, दिनेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।


पूंडरी। पूंडरी नगरपालिका में कार्यों को निपटाते हुए सचिव नरेश कुमार।

---



## विधायक सतपाल जांबा ने किया पाई-करोड़ा अनाज मंडी का दौरा

**पाई।** हल्का विधायक सतपाल जांबा ने पाई व करोडा अनाज मंडी में किसानों की फसल बिकने का मुयावना किया। जिस पर उन्होंने पाई मार्केट कमेटी द्वारा किए गए बिजली, पानी व सफाई व्यवस्था को सही पाया। इस दौरान उन्होंने किसानों से भी पूछा कि उनको अपनी गेहूं की फसल बेचने में कोई दिक्कत तो नही आ रही। इस दौरान उन्होंने पाई अनाज मंडी में सरकार द्वारा खोली गई अटल कैंटिन का भी निरिक्षण किया और कैंटिन में स्वंय बैठकर भोजन किया। उन्होंने कैंटिन की व्यवस्था को भी सही पाया। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल साफ करके व सुखाकर ही मंडी में लेकर आएं।

### बीस को धन्ना भगत जयंती समारोह में मुख्यअतिथि पहुंचेंगे सीएम

# डीसी-एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा

- राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला ने संभाली समारोह की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

उचाना बस स्टैंड के पास 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले भगत शिरोमणि धन्ना भगत राज्यस्तरीय जयंती समारोह की तैयारियों का जायजा लेने डीसी जींद इमरान रजा गुरूवार को पहुंचे। संत महापुरुष सम्मान एवं विचार व प्रसार योजना के तहत राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यअतिथि समारोह में शामिल होंगे। इसके मध्यनजर वीरवार को समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। डीसी ने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य मंच के अलावा संत महात्माओं, खाप प्रतिनिधियों के लिए अलग-अलग मंच लगाए जाएंगे सांस्कृतिक मंच भी लगाया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि यह आयोजन केवल समारोह नही भगत शिरोमणि धन्ना भगत के जीवनदर्शन और सामाजिक समरसता के संदेश को जनमानस तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।


जींद। राज्यस्तरीय जयंती समारोह को लेकर जायजा लेने पहुंचे डीसीए एसपी जींद।

#### राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन होगा

उचाना में 20 अप्रैल को राज्यस्तरीय समारोह आयोजित कर भगत शिरोमणि धन्ना भगत की जयंती मनाई जा रही है। सर्वजातीय दाडन खाप चबूतरा पालवां एवं सरकार द्वारा इस समारोह का आयोजन संयुक्त रूप से किया जा रहा है। समारोह की कमान राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला के हाथों में है। निरंतर पर उचाना पहुंच कर मीटिंग लेने के साथ-साथ बस स्टैंड के पास स्थित समारोह स्थल का जायजा ले रहे है। समारोह के अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए वो खूब पसीना बहाते हुए जिला, हलकास्तर पर मीटिंग कर रहे है। समारोह में आने का निमंत्रण देने के साथसाथ अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदारी वो सौंप रहे है।